*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय के शोधार्थी
## कुमार गौरव मिश्रा को 'उर्वशी सम्मान'

वर्धा, 15 मई 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग में पी-एच.डी के शोधार्थी कुमार गौरव मिश्रा को जनकृति अंतरराष्ट्रीय पत्रिका के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए वर्ष 2017 का उर्वशी सम्मान दिया गया है। उन्हें यह सम्मान शोध, साहित्य एवं संस्कृति की अंतरराष्ट्रीय त्रैमासिकी 'उर्वशी' द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में हाल ही में दिया गया। समारोह में देशभर से विद्वतजनों ने शिरकत की।




कुमार गौरव मिश्रा जनकृति अंतरराष्ट्रीय पत्रिका के संस्थापन एवं सम्पादक होने क साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय हिंदी संस्था एवं ई संग्रहालय 'विश्वहिंदीजन' के संस्थापक एवं अध्यक्ष है विगत 2 वर्षों से प्रकाशित होने वाली जनकृति अंतरराष्ट्रीय पत्रिका के 100 से अधिक देशों में पाठक हैं एवं जनकृति के कई देशों में विदेश प्रतिनिधि हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र समेत देश-विदेश से उनको बधाई एवं शुभकामनाएं प्राप्त हो रही है।